# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कब आयोजित की गई?

(A) 14 मार्च

(B) 15 मार्च

(C) 19 मार्च

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 (शनिवार) को आयोजित की गई।
- राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राज्य भर के उच्च न्यायालयों, उपभोक्ता मंचों और जिला न्यायालयों में किया गया, जिसमें 10 लाख से अधिक लंबित मामलों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया। इसका उद्देश्य आपसी समझौते से मामलों का त्वरित निपटारा करना था।
- राजस्थान में इसका औपचारिक शुभारंभ राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर पीठ के नए भवन में हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने किया.

Yesterday Revision

01. राजस्थान की महिला क्रिकेटर डिंपल कंवर का चयन  इस वर्ष सीनियर वर्ग में प्रतिष्ठित सुंदर कांति जोशी अवॉर्ड के लिए हुआ है

02. पाली कृषि विज्ञान केंद्र ने एक ऐसा अनोखा प्रयोग किया है, जो फसलों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है. तीन मटकों के जुगाड़ से तैयार होने वाला यह 'केंचुआ पसीना' न केवल पौधों को कीटों से बचाएगा,

03. राजस्थान में फिक्की फ्लो (FICCI Ladies Organisation, FLO) द्वारा माइंडफुलनेस समिट विद चेंज ऑफ गार्ड' नामक कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में किया गया?

04. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर ने जेरियाट्रिक केयर असस्टिंट (वृद्धावस्था देखभाल सहायक) के लिए 1 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की

05. राजस्थान में देश की पहली ऐसी ग्राम पंचायत पिपलांत्री है जो कार्बन क्रेडिट के माध्यम से आय अर्जित करेगी।?

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान में थार सांस्कृतिक सर्किट' विकसित किया जाएगा

(B) बजट घोषणा के तहत इस सर्किट में जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, बाड़मेर और बीकानेर शामिल होंगे

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध मरुस्थलीय संस्कृति, लोकजीवन और धरोहर को एकीकृत पहचान देने के लिए सरकार ने 'थार सांस्कृतिक सर्किट' विकसित करने की दिशा में ठोस पहल शुरू की है।
- बजट घोषणा के तहत इस सर्किट में जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, बाड़मेर और बीकानेर को जोड़ते हुए पर्यटन के साथ सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष फोकस किया जाएगा।
- यह सर्किट पर्यटन को स्थानीय संस्कृति से सीधे जोड़ते हुए 'अनुभव आधारित पर्यटन' को बढ़ावा देगा। जिससे न केवल पर्यटकों को वास्तविक मरुस्थलीय जीवन का अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान मास्टर्स नेटबॉल टीम ने 5वें खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2026 में कांस्य पदक अपने नाम किया।

(2) राजस्थान को पंजाब के खिलाफ 43-31 से हार का सामना करना पड़ा।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान मास्टर्स नेटबॉल टीम ने 5वें खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।
- प्रतियोगिता 20 से 22 मार्च तक चंडीगढ़ में आयोजित हुई।
- फाइनल में राजस्थान को पंजाब के खिलाफ 43-31 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सेमीफाइनल में टीम ने चंडीगढ़ को 19-9 से हराया था।

03. हाल ही में फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 का खिताब किसने जीता है?



(A) तरुशी राय

(B) प्रियंका चौधरी

(C) तनुश्री शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान की तरुशी राय ने 23 मार्च 2026 को फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है।
- फेमिना मिस इंडिया राजस्थान का 61वां संस्करण आयोजित किया गया
- इस उपलब्धि के साथ अब वह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी और मिस वर्ल्ड की दौड़ में शामिल होंगीं।
- फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 तरुशी राय मिस राजस्थान-2022 की विजेता भी रहीं है

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में राजस्थान रॉयल्स टीम की ओनरशिप 15,286 करोड़ रुपये में काल सोमानी ने खरीदी।

(2) इससे पहले राजस्थान रॉयल्स टीम का स्वामित्व इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स के पास था

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में राजस्थान रॉयल्स ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। टीम की ओनरशिप अब एक अमेरिकी कंसोर्टियम के हाथ में जा रही है, जिसकी कीमत 1.63 बिलियन डॉलर, यानी लगभग 15,286 करोड़ रुपये है।
- इस कंसोर्टियम का नेतृत्व काल सोमानी कर रहे हैं, जिन्हें रॉब वॉल्टन और हैम्प परिवार जैसे प्रमुख निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। यह नई ओनरशिप IPL 2026 सीजन के अंत के बाद प्रभावी होगी।
- इस बड़ी डील के बाद राजस्थान रॉयल्स दुनिया की सबसे महंगी फ्रेंचाइजी बन गई है.
- काल सोमानी इंट्राएज (IntraEdge), एकेडेमियन (Academian) और ट्रूयो.एआई (Truyo.AI) जैसी कंपनियों के फाउंडर हैं.
- इससे पहले टीम का स्वामित्व इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स के पास था, जिसका नेतृत्व ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बदाले करते हैं। 2008 में आईपीएल के पहले सीजन से पहले इस फ्रेंचाइजी को मात्र 6.7 करोड़ डॉलर में खरीदा गया था, जो उस समय सबसे सस्ती टीम थी।

05. राजस्थान में किस जिले के अनिल बिश्नोई को वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वन्य प्राणी मित्र सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया?

(A) हनुमानगढ़

(B) बीकानेर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले अनिल बिश्नोई एक बार फिर देशभर में चर्चा में हैं। उन्हें वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वन्य प्राणी मित्र सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।
- जयपुर के आईटीसी राजपूताना में सोमवार को WWF-India एवं पीके फाउंडेशन की ओर से आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया
- अनिल बिश्नोई पिछले करीब 35 वर्षों से काले हिरणों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं और उन्हें 10 हजार से अधिक हिरणों को बचाने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने शिकारियों के खिलाफ करीब 300 मुकदमे दर्ज कराए, जिनमें कई मामलों में दोषियों को सजा भी हो चुकी है।
- हिरणों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु 60 से अधिक जलाशयों का निर्माण या पुनरुद्धार भी कराया।

# Sujas E-QUIZ

जयपुर, रविवार, 22 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-32

1. **हाल** ही में राज्य सरकार द्वारा रक्षा उपकरणों और विमानों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कौन सी नीति लॉन्च की गई है?
(A) राजस्थान रक्षा विनिर्माण नीति-2025
(B) राजस्थान सामरिक आत्मनिर्भरता नीति-2025
(C) मेक इन राजस्थान डिफेंस पॉलिसी-2026
(D) राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी-2026

2. **राजस्थान** एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी-2026 के तहत निवेशकों को कितने वर्षों तक 'विद्युत शुल्क' में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी?
(A) 5 वर्ष (B) 7 वर्ष
(C) 10 वर्ष (D) 15 वर्ष

3. **अंतरराष्ट्रीय** वन दिवस 2026 पर राज्य के किस स्थान पर 'अटल वन' का उद्घाटन किया गया?
(A) शाहपुरा, जयपुर
(B) सांगानेर, जयपुर
(C) कुंभलगढ़, राजसमंद
(D) लक्ष्मणगढ़, सीकर

4. **वन** प्रबंधन में तकनीकी नवाचार के लिए राजस्थान वन विभाग द्वारा कौन सा डिजिटल प्लेटफॉर्म संचालित किया जा रहा है?
(A) ई-वन राजस्थान
(B) राज-फॉरेस्ट
(C) डिजीवैन
(D) वन-मित्र पोर्टल

5. **जलवायु** परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए राज्य के वन विभाग ने किस संस्था के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?
(A) रिको (B) राजीविका
(C) नाबार्ड (D) सिडबी

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कब आयोजित की गई।?**

(A) 14 मार्च

(B) 15 मार्च

(C) 19 मार्च

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine